# अम्बाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अम्बाह (मुरैना) म0प्र0

(शासीनिकाय की बैठक दिनांक **28.06.2025** की मिनिट्स)

शासी निकाय की बैठक दिनांक – **28.06.2025**

समय – **अपरान्ह 10:30 बजे**

स्थान – **प्राचार्य कक्ष/मीटिंग हॉल, स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बाह**

मीटिंग में उपस्थित/अनुपस्थित पदाधिकारियों/सदस्यों की हस्ताक्षरित सूची–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. ओ. पी. शुक्ला | – अध्यक्ष शासी निकाय | उपस्थित |
| 2. | श्री राजकुमार व्यास | – सदस्य शासी निकाय | अनुपस्थित |
| 3. | श्री गुणाकर शर्मा, एडवोकेट | – सदस्य शासी निकाय | उपस्थित |
| 4. | श्री प्रवीण शर्मा, एडवोकेट | – सदस्य शासी निकाय | उपस्थित |
| 5. | डॉ. प्रकाश चन्द्र शर्मा | – सदस्य शासी निकाय | उपस्थित |
| 6. | श्री संजय शर्मा, उद्योगपति | – सदस्य शासी निकाय | अनुपस्थित |
| 7. | डॉ. राधा तोमर, (आचार्य S.O.S. रसायन) | – विश्वविद्यालय प्रतिनिधि (जी.वि.वि. ग्वालियर) | अनुपस्थित |
| 8. | प्रो. रेखा भदौरिया, (से.नि. प्राध्यापक) | – यू.जी.सी.प्रतिनिधि | अनुपस्थित |
| 9. | प्राचार्य (शास. अग्रणी कन्या महाविद्यालय, मुरैना) डॉ. ज्ञान सिंह उच्चारिया | – शासन प्रतिनिधि | उपस्थित |
| 10. | डा विवेक कुमार जैन, (सहा. प्रा. रसायन) | – शिक्षक प्रतिनिधि | उपस्थित |
| 11. | डॉ. दिनेश रावत (सहा. प्रा. भूगोल) | – शिक्षक प्रतिनिधि | उपस्थित |
| 12. | हेडक्लर्क/लेखापाल (श्री रामनरेश शर्मा) | – | उपस्थित |
| 13. | प्रो. विश्वास मेढ़ेकर, प्राचार्य (महाविद्यालय अम्बाह) | – पदेन सचिव | उपस्थित |

आज दिनांक 28.06.2025 को अपरान्ह 10:30 बजे अम्बाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अम्बाह की शासी निकाय की बैठक प्राचार्य कक्ष, अम्बाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अम्बाह में अध्यक्ष शासी निकाय डॉ. ओ. पी. शुक्ला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें निम्न ठहराव पारित किये गये–

1. शासी निकाय की पिछली बैठक दिनांक 22.03.2025 की कार्यवाही की मिनिट्स पुष्टि हेतु समिति में रखी गई जिसकी पुष्टि की गई।
2. ग्रीष्मकालीन अवधि में परीक्षाओं के सुचारू संचालन तथा ई–प्रवेश प्रक्रिया के संचालन हेतु रोके गये अनुदानित तथा 28/17 के अन्तर्गत नियुक्त एवं प्रबन्धन द्वारा नियुक्त नियमित शैक्षणिक स्टाफ को अर्जित अवकाश दिये जाने के सम्बन्ध में श्रीमान् अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत आदेश की पुष्टि की जाती है। इसके साथ ही इस सत्र में रोके गये स्टाफ का अर्जित अवकाश के गणना पत्रक की भी पुष्टि की जाती है।
3. महाविद्यालय से सेवानिवृत्त हुये सहायक प्राध्यापक तथा कर्मचारियों द्वारा पेंशन के सम्बन्ध में दिये गये आवेदन विचार हेतु समिति में प्रस्तुत किये गये। समिति ने इस पर विचार कर अपना निर्णय प्रस्तुत किया जो निम्नानुसार है–

D:\GB_Meeting\minits jan08\Page No.432

चूंकि पेंशन शासन द्वारा प्रदान की जाती है। अतः यह प्रकरण शासन से सम्बन्धित है। शासन से इस सम्बन्ध में जो आदेश प्राप्त होंगे, उसके अनुसार कार्यवाही की जावे।

4. श्रीमान् अध्यक्ष महोदय एवं श्री प्राचार्य महोदय द्वारा शिक्षकों/कर्मचारियों के स्वीकृत किये गये अर्जित अवकाशों की पुष्टि की जाती है, विवरण निम्न प्रकार है–

**श्रीमान् अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृतः–**

1. डॉ. विवेक कुमार जैन – दिनांक 21.02.2025 से 22.02.2025
– दिनांक 11.04..2025 से 12.04.2025
– दिनांक 02.05.2025, 03.05.2025 एवं 05.05.2025

3. डॉ. रमाकान्त शर्मा – दिनांक 15.04.2025 से 16.05.2025
– दिनांक 01.05.2025

**श्रीमान् प्राचार्य महोदय द्वारा स्वीकृत अवकाश –**

1. श्री रामवीर सिंह गुर्जर – दिनांक 07.04.2025 से 20.04.2025 तक।
2. श्री रामबरन राठौर – दिनांक 08.05.2025 से 09.05.2025 तक।
– दिनांक 16.06.2025 से 06.07.2025

5. सत्र 2025–26 के लिये मानसेवी नियुक्तियाँ करने पर विचार किया गया। निर्णय लिया गया कि प्राचार्य महोदय की अनुशंसा पर श्री प्रवीण शर्मा मानसेवी नियुक्तियाँ करने का कार्य सम्पन्न करेंगे। आवश्यकतानुसार मानसेवी नियुक्तियाँ की जावे जिनकी अन्तिम पुष्टि श्रीमान् अध्यक्ष महोदय से कराई जावे।

6. शासी निकाय की पिछली बैठक दिनांक 22.03.2025 में शुल्क बृद्धि करने की स्वीकृति प्रदान की गयी थी। तद्नुसार छात्रों से वसूल की जाने वाली वार्षिक शुल्क तथा मासिक शुल्क का प्रपत्र तैयार किया गया जो पुष्टि हेतु समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति ने प्रपत्र का अवलोकन किया और अपनी स्वीकृति प्रदान कर पुष्टि की गई।

7. ऑटोनोमस शुल्क (परीक्षा शुल्क) गत वर्ष की भांति विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय नियमानुसार वसूल किये जाने की स्वीकृति प्रदान कर पुष्टि की जाती है।

8. शोध शुल्क विश्वविद्यालय अनुसार वसूल किये गये जाने की पुष्टि प्रदान की जाती है।

9. अन्य समिति शुल्क एवं CCE शुल्क पूर्वानुसार वसूल करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

10. अन्य श्रीमान् अध्यक्ष महोदय जी की अनुमति से कोई प्रकरण न होने से समिति में नही रखा गया। अन्त में अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापित कर मीटिंग की कार्यवाही समाप्त की गई।

**हस्ताक्षर/–**
अध्यक्ष शासी निकाय
स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बाह

**हस्ताक्षर/–**
प्राचार्य
स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बाह

**हस्ताक्षर अन्य सदस्यगण–**

1. प्राचार्य, शासकीय कन्या अग्रणी महा. मुरैना – शासन प्रतिनिधि
2. श्री गुणाकर शर्मा, एडवोकेट – सदस्य शासी निकाय
3. श्री प्रवीण शर्मा, एडवोकेट – सदस्य शासी निकाय
4. डॉ. प्रकाश चन्द्र शर्मा – सदस्य शासी निकाय
5. डॉ. विवेक कुमार जैन – शिक्षक प्रतिनिधि
6. डॉ. दिनेश रावत – शिक्षक प्रतिनिधि
7. लेखापाल/हेडक्लर्क
श्री रामनरेश शर्मा

प्राचार्य
स्नातकोत्तर महाविद्यालय
अम्बाह (म०प्र०)

D:\GB_Meeting\minits jan08\Page No.433